PrEP के लिए भुगतान करने में मदद की ज़रूरत है?

प्री-एक्सपोज़र प्रोफिलेक्सिस (Pre-exposure prophylaxis, PrEP) एक रोज़ ली जाने वाली गोली है, जिसे लोग HIV लग जाने की अपनी चिंता को कम करने के लिए लेते हैं।

आपको PrEP लेने का विचार करना चाहिए अगर आप हैं:

- एक गे या बाइसेक्सुअल पुरुष जिसने बिना सुरक्षा के संभोग किया हो
- एक ट्रांसजेन्डर स्त्री जिसने पुरुषों से संभोग किया हो
- किसी HIV-पॉज़िटिव पार्टनर के साथ संबंध में
- कोई ऐसा व्यक्ति जो एकाधिक साथियों से बिना कॉन्डोम के संभोग करता है

HIV – नेगेटिव व्यक्तियों के लिए छह बिंदुओं वाले PrEP प्रोग्राम में निम्न शामिल हैं:

- नियमित HIV परीक्षण
- हर दिन, दिन में एक बार, एक ट्रुवाडा (Truvada) गोली लेना
- यौन संचारित रोग (STD) होने से रोकने के लिए कॉन्डोम इस्तेमाल करना
- STD के लिए आवधिक जाँच
- HIV और STD लगने के जोखिम को कम करने के तरीकों के बारे में शिक्षित होना
- नियमित दवा लेने के लिए परामर्श और सहायता पाना

अगर आपके पास बीमा न हो, या अगर आपका बीमा पर्याप्त न हो, तो न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) का **प्री-एक्सपोज़र प्रोफिलेक्सिस आसिस्टंस प्रोग्राम (Pre-exposure Prophylaxis Assistance Program, PrEP-AP)** PrEP के लिए चिकित्सकीय अपॉइंटमेन्ट्स और लेबोरेटरी सेवाओं के लिए भुगतान करेगा। हालाँकि, आपको यह सेवाएं किसी नामांकन किए हुए PrEP-AP प्रदाता से प्राप्त करनी होंगी।

PrEP-AP प्रोग्राम दवाओं की कीमत नहीं चुकाता है। PrEP-AP में नामांकन करवाया हो ऐसे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को द्वाओं की कीमत को कवर करने के लिए मरीज़ों की दवा के निर्माता के मरीज़ सहायता कार्यक्रम के लिए मरीज़ की सहायता करनी होगी।

PrEP-AP निम्नलिखित सेवाओं को कवर करेगा, जिनमें ये शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- HIV परीक्षण
- अनुपालन परामर्श और चिकित्सकीय देखरेख
- STD परीक्षण
- न्ययूॉर्क राज्य के HIV चिकित्सकीय दिशानिर्देशों (HIV Clinical Guidelines) के समनुरूप सहायक देखभाल सेवाएं

याद रखिए, सेवा कवर की जा सके इसके लिए प्रदाता को PrEP-AP के साथ नामांकन कराया हुआ होना चाहिए।

मैं PrEP-AP नामांकन कैसे करवाऊँ?

- अगर आपके पास बीमा नहीं है या आपका बीमा कम है, तो आप www.health.ny.gov/diseases/aids/resources/adap/index.htm पर मिलने वाले HIV अनइंश्योर्ड केयर प्रोग्राम्स (HIV Uninsured Care Programs)/(AIDS Drug Assistance Program, ADAP) के ही फॉर्म का इस्तेमाल करके PrEP-AP को आवेदन कर सकते हैं।
- नामांकन किए हुए प्रदाता कवर होने वाली सभी सेवाओं के लिए PrEP-AP कार्यक्रम के पास क्लेम जमा करा सकते हैं।
- नामांकन प्रक्रिया में आपकी मदद करने और विस्तृत स्वास्थ्य सेवा कवरेज तक पहुँच बनाने में सहायता के लिए PrEP-AP हॉटलाइन उपलब्ध है। 1-800-542-2437 पर कॉल करें।

संसाधन

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) PrEP:
www.health.ny.gov/diseases/aids/general/prep/

NYS PrEP प्रदाता डायरेक्टरी:
www.health.ny.gov/diseases/aids/general/prep/provider_directory.htm

HIV की रोकथाम अब हुई आसान (HIV Prevention Just Got Easier): www.prepforsex.org

न्यूयॉर्क राज्य HIV हॉटलाइन: 1-800-541-AIDS या 1-800-233-7432 (स्पेनिश)

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य और मानसिक स्वस्थता विभाग (Department of Health and Mental Hygiene) PrEP: www.nyc.gov/html/doh/html/living/prep-pep.shtml

रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (Centers for Disease Control and Prevention)
www.cdc.gov/hiv/prevention/research/prep/

NEW YORK STATE | Department of Health